**Poster-Making Competition**
**06-09-2024**

Organized a poster-making competition under the direction of Principal Dr. Rishipal and the supervision of Electoral Literacy Club coordinator, Dr. Brijendra Singh. The purpose of the event was to promote voter awareness and encourage greater participation among students in the democratic process. Students pledged to utilize their voting rights wisely and uphold democratic principles.



# निडरता से करें अपने मताधिकार का उपयोग : डॉ. ऋषिपाल

**जनता कॉलेज में मतदाता साक्षरता विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित**

कैथल के जनता कॉलेज कौल प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्राएं।

**हाड़ौती अधिकार**

कैथल, 06 सितम्बर। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विवेक भारती के निर्देशानुसार में जनता कॉलेज कौल में प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के मार्गदर्शन में मतदाता साक्षरता पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों ने अपने मतदान के अधिकार का सदुपयोग करने और लोकतंत्र के सिद्धांतों को बनाए रखने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने मत के अधिकार का निडरता से प्रयोग करना चाहिए। लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए अपने मत का सही उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। वोट डालना हमारा अधिकारी ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है, क्योंकि इससे लोकतंत्र को ओर अधिक मजबूती मिलती है। हमारे मत के अधिकार से सरकार बननी है। हम सभी मतदाताओं के लिए जरूरी हो जाता है कि हम तटस्थ भाव से व सोच समझकर मत का प्रयोग करें। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता साक्षरता समिति के संयोजक डॉ. बृजेंद्र सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, गैर-शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।



कॉलेज और बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय कौल में आयोजन

# पोस्टर बनाकर उकेरे नारे

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी और स्टाफ। संस्थान

**संवाद न्यूज एजेंसी**

ढांड। बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय कौल में शुक्रवार को प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के मार्गदर्शन में मतदाता साक्षरता पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता करवाई। इसका उद्देश्य मतदाता जागरूकता व अन्य मतदाताओं की भागीदारी को बढ़ाना था।

प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों ने अपने मतदान के अधिकार का सदुपयोग करने और लोकतंत्र के सिद्धांतों को बनाए रखने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने कहा कि हमें अपने मत के अधिकार का निडरता से प्रयोग करना चाहिए। अपने मत का सही उपयोग करना चाहिए। वोट डालना हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है, क्योंकि इससे लोकतंत्र को ओर अधिक मजबूती मिलती है।

उन्होंने कहा कि हम सभी मतदाताओं के लिए यह जरूरी हो जाता है कि हम तटस्थ भाव से व सोच समझकर मत का प्रयोग करें। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता साक्षरता समिति के संयोजक डॉ. बृजेंद्र सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, गैर-शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

